तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **विकास बिश्नोई** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353146219984467	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
21/05/26	अपीलार्थी विकास बिश्नोई निवासी खेजड़ली कलां तहसील लूणी, जोधपुर ने लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 06.04.2026 उनकी माता जी के पीएम किसान निधि की लाभार्थी होने (रजिस्ट्रेशन नम्बर RJ246073387, land seeding, आधार seeding ई केवाईसी और Account DBT सभी अपडेट होने) के बाद भी 16 वीं किस्त के बाद कोई किस्त नही मिलने क कारण जानने हेतु सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बिलाड़ा) ने अपने पत्रांक 122 दिनांक 07.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी को कार्यालय के पत्रांक पीएम किसान/विविध/2026/103 दिनांक 28.04.2026 द्वारा ऑनलाईन आरटीआई पोर्टल पर वांछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः उपरोक्त रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22378406
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.21 17:02:54 IST
Reason: Approved